अनुक्रमांक | | | | | |

# E

APS–(903) SST

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

## कक्षा – 9

## विषय – सामाजिक विज्ञान

**समय : 3¼ घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश—**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न-पत्र पर अनिवार्यतः लिखें।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित है।

### खण्ड – अ

1. बहुविकल्पी प्रश्न—

(i) 1789 की क्रांति के समय फ्रांस का सम्राट कौन था ? 1

(अ) लुई–XIV (ब) लुई–XV

(स) लुई–XVI (द) लुई–XII ( )

(ii) भारत की स्थलीय सीमा रेखा की लम्बाई है ? 1

(अ) 15200 किमी. (ब) 14000 किमी.

(स) 12200 किमी. (द) 18500 किमी. ( )

(iii) निम्न में से उत्पादन का प्रमुख साधन है ? 1

(अ) भूमि (ब) श्रम

(स) पूंजी (द) उपरोक्त सभी ( )

(iv) भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है ? 1

(अ) महाराष्ट्र (ब) उत्तर प्रदेश

(स) मध्यप्रदेश (द) गुजरात ( )

(v) राजस्थान में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा कहलाती है ? 1

(अ) महावट (ब) काल वैशाखी

(स) आम्र वर्षा (द) बरखा ( )

(vi) भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील है ? 1

(अ) डल झील (ब) डीडवाना झील

(स) फतेहसागर (द) चिल्का झील ( )

(vii) मित्र राष्ट्र में कौन शामिल थे ? 1

(अ) ब्रिटेन (ब) फ्रांस

(स) सोवियत संघ (द) उपरोक्त सभी ( )

(viii) भारतीय वन सेवा की स्थापना कब की गयी ? 1

(अ) 1970 (ब) 1864

(स) 1830 (द) 1765 ( )

(ix) भारत में श्वेत क्रान्ति का सम्बन्ध था ? 1

(अ) मक्का उत्पादन से (ब) अनाज उत्पादन से

(स) दुग्ध उत्पादन से (द) फल उत्पादन से ( )

(x) 'जनता का शासन' किस प्रकार की शासन व्यवस्था में होता है ? 1

(अ) लोकतन्त्र (ब) राजतन्त्र

(स) तानाशाही (द) उपर्युक्त सभी ( )

(xi) संविधान सभा के अध्यक्ष थे ? 1

(अ) जवाहर लाल नेहरू (ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(स) एस. राधाकृष्णन (द) वल्लभ भाई पटेल ( )

(xii) भारतीय संसद में कितने सदन है ? 1

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार ( )

(xiii) नागरिक और सरकार के बीच विवादों का निपटारा कौन करता है ? 1

(अ) सर्वोच्च न्यायालय (ब) संसद

(स) मंत्रीमंडल (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

(xiv) भारतीय संविधान में नागरिकों को कितने मूल अधिकार प्रदान किये गये हैं ? 1

(अ) दस (ब) चार

(स) पाँच (द) छः ( )

(xv) भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली किस वर्ष प्रारम्भ की गयी ? 1

(अ) 1932 में (ब) 2004 में

(स) 1997 में (द) 2002 में ( )

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ( प्रत्येक प्रश्न 1 अंक )—**

(i) राजस्थान के रेगिस्तान में ............ चरवाही समुदाय रहता है।

(ii) हिमालय की सबसे बाहरी श्रृंखला को .......... कहा जाता है।

(iii) रूस की संसद को .......... कहा जाता था।

(iv) ............ रेखा भारत को दो बराबर भागों में बांटती है।

(v) नगरीय क्षेत्रों में अधिकतर .......... बेरोजगारी पायी जाती है।

(vi) भारत में लोकसभा के चुनाव प्रत्येक ............. साल बाद होते हैं।

(vii) ....... वर्ष से कम आयु के बच्चों को खतरनाक माने जाने वाले कार्य नहीं करा सकते।

3. **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न ( प्रत्येक प्रश्न 1 अंक )—**

(i) धुरी राष्ट्र में सम्मिलित प्रमुख देश कौन-कौन से थे ?

(ii) दो नदियों के बीच का भू-भाग क्या कहलाता है ?

(iii) वन विभाग के लिए उत्तरदायी कोई एक कारण बताइये।

(iv) भारत में किस नदी की अपवाह श्रेणी सबसे बड़ी है ?

(v) भूमि को मापने की मानक इकाई क्या है ?

(vi) भारत सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा हेतु चलाए जाने वाले कोई दो कार्यक्रमों के नाम बताइये।

(vii) लोकतंत्र में शासकों का चुनाव किसके द्वारा किया जाता है ?

(viii) भारत में बफर स्टॉक किसके द्वारा रखा जाता है ?

(ix) भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब हुई ?

(x) संवैधानिक उपचारों के अधिकार के विषय में डॉ. अम्बेडकर ने क्या कहा है ?

## खण्ड - ब

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ( प्रत्येक प्रश्न 2 अंक )—**

4. टाइढ व टाइल में अंतर स्पष्ट करो।
5. आरक्षित वनों से आप क्या समझते हैं ?
6. रंगभेद पर टिप्पणी लिखे।
7. मानव पूँजी निर्माण किसे कहते हैं ?
8. भारत की कोई चार मीठे पानी की झीलों।
9. औपनिवेशिक काल में चरवाहों ने बदलते नियमों का सामना किस प्रकार किया ?
10. प्रथम विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी को किस प्रकार के आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा?
11. जनसंख्या परिवर्तन के प्रमुख कारक कौन-कौन से है ?
12. धर्मनिरपेक्षता से क्या-क्या तात्पर्य है ?

13. मतदाता सूची क्या है ?

14. जलवायु को नियंत्रित करने वाले चार कारकों का उल्लेख कीजिए।

15. लेनिन की अप्रैल थिसिस क्या थी ?

## खण्ड - स

**दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न ( प्रत्येक प्रश्न 4 अंक )—**

16. निम्न पर टिप्पणी लिखो—

(i) शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकार (ii) समानता का अधिकार

17. प्रधानमंत्री की शक्तियों एवं कार्यों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

18. वनों से होने वाले चार लाभ लिखिए।

19. राजनैतिक और स्थायी कार्यपालिका में अंतर स्पष्ट कीजिए।

20. निर्धनता उन्मूलन हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही चार योजनाओं के नाम लिखो।

## खण्ड - द

**निबन्धात्मक प्रश्न ( प्रत्येक प्रश्न 6 अंक )—**

21. औपनिवेशिक शासन में भारत में वन विभाग के प्रमुख कारण बताइए।

22. सन् 1930 तक आते–आते जर्मनी में नाजीवाद को लोकप्रियता क्यों मिलने लगी ?

23. भारत में निर्धनता के कारणों का विस्तार से वर्णन करों।

24. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित करें—

(i) काजीरंगा (ii) सुन्दरवन (iii) केवलादेव घाना

(iv) कच्छ का रण (v) कान्हा (vi) पेरिथार

❑❑❑